दिन– सोमवार दिनांक– 23 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सहकारिता विभाग दरभंगा के रैयाम और मधुबनी के सकरी चीनी मिल को फिर से शुरू करेगा।

02 उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बच्चों को मोबाइल के नकारात्मक प्रभाव से बचाने के लिए सरकार कानून बनाएगी।

03. केन्द्र सरकार ने धान अधिप्राप्ति की समय सीमा इकतीस मार्च तक बढ़ाई। राज्य सरकार को पत्र लिखकर दिया निर्देश।

04. और, पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर संशय हुआ समाप्त। उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी।

---

केन्द्र सरकार ने धान अधिप्राप्ति की समय सीमा बढ़ा दी है। अब राज्य में पैक्सों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति इकतीस मार्च तक की जायेगी। पहले यह समय सीमा अट्ठाईस फरवरी निर्धारित थी। केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर धान खरीद की तिथि को एकतीस मार्च तक बढ़ाने की मंजूरी दी है।

---

सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा है कि राज्य में बंद पड़ी चीनी मिलों को शीघ्र शुरू किया जाएगा। श्री कुमार ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सात निश्चय–तीन के तहत समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दरभंगा के रैयाम और मधुबनी के सकरी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने का कार्य सहकारिता विभाग करेगा। विभाग के सचिव धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड और सहकारिता विभाग बिहार सरकार के बीच समझौता हुआ है।

–––बाइट–––

---

इधर, बिहार विधानसभा की कार्यवाही आज बजट सत्र के पंद्रहवें दिन सुचारू रूप से चली। उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बच्चों को मोबाईल की लत से हो रहे नुकसान को लेकर सरकार सजग है। श्री चौधरी ने जदयू के समृद्ध वर्मा के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बच्चों के स्क्रीन टाइम को कम करने और ऑनलाइन गेम को नियंत्रित करने के लिए नया कानून बनेगा।

---बाइट---

इधर, सदन में विधायक निधि की राशि चार करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ किये जाने की मांग को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया।

---बाइट---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधायकों की मांग से अवगत करा दिया जाएगा।

---बाइट---

हालांकि सरकार के जवाब से असंतुष्ट सदस्यों का हंगामा जारी रहा। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सरकार ने संज्ञान लिया है और सदस्यों की मांगों पर विचार किया जायेगा।

---बाइट---

उद्योग मंत्री दिलिप जायसवाल ने कहा है कि बाढ़ की लाई, गयाजी का तिलकुट और मनेर का लड्डू समेत राज्य की कई मिठाईयों को जीआई टैग दिलाने के लिए प्रयास किया जायेगा। श्री जायसवाल ने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में विधायकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र की लोकप्रिय मिठाईयों के संबंध में जीआई टैग के लिए प्रतिवेदन दें।

---बाइट---

चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने स्वयं गयाजी के तिलकुट के लिये जीआई टैग से संबंधित मामले को ध्यान में लाया। संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने आसन के निदेश पर आवश्यक कार्रवाई करने का सुझाव दिया।

———बाइट———

सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा है कि चालू खरीफ विपणन मौसम में अब तक उनतीस करोड़ बाईस लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। पटना में प्रेस वार्ता में उन्होंने यह जानकारी दी।

———बाइट———

राज्य में यूरिया की काला बाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा आज सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों के शोषण और खाद की काला बाजारी के मुद्‌दें का संज्ञान लिया है और इसकी समीक्षा के बाद कार्रवाई की जा रही है।

———बाइट———

---

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आरपीआई के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री रामदास अट्‌ठावले ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव में बिहार की सभी पाँच सीटों पर एनडीए की जीत होगी। पटना में पत्रकरों से बातचीत करते हुए श्री अट्‌ठावले ने कहा कि एनडीए के उम्मीदवारों पर फैसला जल्द होगा। इधर, श्री अट्‌ठावले ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार से उनके कार्यालय कक्षा में शिष्टाचार मुलाकात की। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और गयाजी का प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया।

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधायक भाई बीरेन्द्र ने पार्टी से हिना शहाब को राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने की मांग की है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता के लिए उनकी उम्मीदवारी बेहतर होगी। हिना शहाब सीवान के पूर्व सांसद स्वर्गीय शहाबुद्दीन की पत्नी हैं।

–––बाइट–––

---

राज्य के सभी नियंत्रक एवं महालेख परीक्षक कार्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में लेखा परीक्षा जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में ई–ऑफिस और ओआईओएस जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य करने के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में आज इस विषय पर कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्याशाला को वरिष्ठ उपमहालेख परीक्षक अजय कुमार झा ने कर्मचारियों को डिजिटल क्षमताओं से परिचय कराया।

---

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट को फ्लॉप करार दिया है। उन्होंने कहा कि समिट के नाम पर जनता की हितो की बली दी गई है।

–––बाइट–––

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव हार की हताशा से ऊबर नही पाये हैं। श्री कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एआई समिट के नतीजों की समझ नही है।

–––बाइट–––`

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा है कि राज्य की दो महत्वकांक्षी सिंचाई परियोजना, नार्थ कोयल जलाशय परियोजना और मंडई वीयर परियोजना का कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। श्री अमृत की अध्यक्षता में आज दोनों

परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य सचिव ने आगामी दिनों में भीषण गर्मी और मॉनसून को देखते हुए इन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा के पांचवें दिन आज अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। राज्यभर के विभिन्न केंद्रों पर दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपर्वूक संपन्न हो गयी। कल एच्छिक विषय की परीक्षा ली जायेगी।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची आज जारी कर दी गई। मुख्य चुनाव अधिकारी शंकर कुमार ने बताया कि सेंट्रल पैनल के अध्यक्ष पद के लिए ग्यारह उम्मीदवार चुनाव मैंदान में हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्र संघ चुनाव अपने तय कार्यक्रम के अनुसार अट्‌ठाईस फरवरी को ही होगा। गौरतलब है कि इससे पहले साईंस कॉलेज के प्राध्यापक के साथ मारपीट की घटना के बाद चुनाव को लेकर संशय की स्थिति बन गयी थी।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के सुपर–एट में आज जिम्बाब्वे का सामना वेस्टइंडीज से हो रहा है। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। वहीं, भारत अपना अगला मुकाबला जिम्बाब्वे के खिलाफ चेन्नई में छब्बीस फरवरी को खेलेगा।

---

गया जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत खिड़ियांवा गांव में कुख्यात अपराधी को पकड़ने गई एसटीएफ टीम पर आसामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में तीन जवान घायल हो गये। बदमाशों ने जवानों के हथियार भी छीन लिये। बाद में

भारी पुलिस बल की तैनाती में तलाशी अभियान चलाकर सात आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने जवानों से लूटे गए हथियार भी बरामद कर लिए।

---

प्रदेशभर में आयोजित बिहार पुलिस सप्ताह के अंतर्गत आज विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। औरंगाबाद जिले में आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन में नवादा की दस साल की बच्ची अनु आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में एसपी रामानंद कौशल के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी। इसके माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इधर, खगड़िया में नशामुक्ति जागरूकता के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजेश्वर लाल के नेतृत्व में केन्द्रीय टीम ने आज शेखपुरा जिले में विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों का दौरा किया। टीम ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे सर्वजन दवा अभियान का निरीक्षण किया।

---

आकाशवाणी, भागलपुर के पूर्व उद्घोषक विजय कुमार मिश्रा का आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय तक ग्राम जगत कार्यक्रम के बिरजू भईया के रूप में आकाशवाणी से जुड़े रहे थे।

---

अररिया जिला प्रशासन, जिले में अवैध और मोडिफाइड डीजे वाहनों के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस दौरान कई वाहनों को जब्त किया गया है।

---

किशनगंज में आत्मा की सुपौल इकाई के द्वारा ड्रैगन फ्रुट और चाय की खेती तथा विपणन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पश्चिम बिहार के किसानों को ड्रैगन फ्रुट और चाय की वैज्ञानिक खेती से जुड़ी नवीनतम तकनीक की जानकारी दी जायेगी।

---

01. सहकारिता विभाग दरभंगा के रैयाम और मधुबनी के सकरी चीनी मिल को फिर से शुरू करेगा।

02 उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बच्चों को मोबाइल के नकारात्मक प्रभाव से बचाने के लिए सरकार कानून बनाएगी।

03. केन्द्र सरकार ने धान अधिप्राप्ति की समय सीमा इकतीस मार्च तक बढ़ाई। राज्य सरकार को पत्र लिखकर दिया निर्देश।

04. और, पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर संशय हुआ समाप्त। उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी।

---

समाप्त